कार्यालय प्राचार्य

शासकीय महामाया महाविद्यालय

रतनपुर – 495442

जिला – बिलासपुर (छ.ग.)

Website: www.gmcratanpur.in; Email: gmc_ratanpur@rediffmail.com; Mobile: 9300311524

//सूचना//

//दिनांक 09.08.17 को आयोजिक IQAC की बैठक का कार्यवृत//

1. महाविद्यालय में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए शोध कमेटी (रिसर्च कमेटी) बनायी जाए।
2. महाविद्यालय में शोध संबंधी क्रियाकलापों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक स्नातकोत्तर विभाग, वाणिज्य एवम् विज्ञान संकाय द्वारा एक–एक शोध संगोष्ठी का प्रस्ताव बनाकर यू.जी.सी. व अन्य एजेंसी को भेजा जाए तथा सभी प्राध्यापक लघु शोध परियोजना (माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट) के लिए यू.जी.सी. एवम् अन्य एजेंसी में प्रस्ताव प्रस्तुत करें।
3. स्नातकोत्तर विभागो में विभागीय पुस्तकालय की स्थापना कर अधिकाधिक संदर्भ–ग्रंथ छात्रो को सुलभ कराए जाएँ।
4. महाविद्यालय में फीड बेक प्रक्रिया को विभिन्न स्तरों पर (यथा विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक आदि) सतत् क्रियाशील रखा जाए एवम् विश्लेषण कर आवश्यक विकास–कार्य में प्रयास किया जाय।
5. महाविद्यालयीन एल्युमनी एसोसिएशन को सक्रिय करने के लिए प्रयास किए जाएँ तथा भूतपूर्व छात्रों की महाविद्यालय के हित में भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
6. महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव में स्वास्थ्य, जागरूकता, सफाई आदि से संबंधित कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जॉए एवम् समय–समय पर फीड–बेक लिया जाए।
7. महाविद्यालय में 'Student Corner' खोला जाए ताकि विद्यार्थियों को स्टेशनरी, फोटोकापी आदि के लिए भटकना ना पड़े।
8. महाविद्यालय में ICT workshop आयोजित की जाए और विद्यार्थियों को Tech, friendly बनाया जाए।
9. Short term courses' सर्टिफिकेट कोर्सेस महाविद्यालय में चलाए जॉए।
10. प्रत्येक माह में दो बार विविध प्रतियोगी क्रार्यक्रम आयोजित किए जॉए ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सकें।
11. छात्रों को कैरियर एवम् रोजगार परक जानकारियॉ प्रदान करने के लिए महा. में रोजगार प्रकोष्ठ का गठन किया जाए। इसके तहत कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम सतत् आयोजित किए जाए।
12. Job oriented & Skill Based रोजगार आधारित पाठ्यक्रम यथा–PGDCA / DCA आदि महाविद्यालय में संचालित किए जाने हेतु आवश्यक प्रयास किए जाएँ।
13. विद्यार्थियों में विषय के प्रति रूझान एवम् जागरूकता उत्पन्न करने एवम् exposer देने के लिए शैक्षणिक भ्रमण आदि आयोजित करवाए जाएँ।
14. विद्यार्थियों के आवागमन एवम् अन्य सुविधाओं हेतु स्थानीय संस्थाओ से MOU कर छात्रों एवम् शिक्षकों के लिए आदर्श शैक्षणिक वातावरण सामाजिक सहयोग से स्थापित करने का प्रयास किया जाए।

सभी समितियों के प्रभारी एवं सदस्य संबंधित अनुशंसाओं का क्रियान्वयन करने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें।

डॉ. श्रीमती नंदिनी तिवारी
समन्वयक IQAC

(डॉ. आर. एस. खेर)
प्राचार्य
शासकीय महामाया महाविद्यालय
रतनपुर, जि. बिलासपुर (छ.ग.)